राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150 वी जन्म जयंती के अंतर्गत भारत के लोक प्रसारक आकाशवाणी दिल्ली ने “मोहन से महात्मा तक” नामक 1 घंटे के प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया यह कार्यक्रम आकाशवाणी के विभिन्न चैनलो पर प्रसारित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मेरठ के सेंट जोन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 10 बच्चों सिद्धि बंसल नितिन सिंह राणा अस्तित्व आयुष प्रियांशु रितिक हर्षित खुशी मानसी दिव्यांशु ने भाग लिया। बच्चों के साथ साथ स्कूल के 2 अध्यापक श्रीमती मोनिका गौर एवं श्रीमती करुणा शर्मा में भी भाग लिया कार्यक्रम में महात्मा गांधी के जीवन से जुड़े अनेक पहलू पर पूछे गए सवालों के उत्तर छात्रों ने बखूबी दिए इसके बाद बच्चों ने आकाशवाणी का भ्रमण भी किया और आकाशवाणी में न्यूज़ और कार्यक्रम कैसे प्रसारित किए जाते हैं इसे अच्छे से जाना और समझा। स्कूल की प्रधानअचार्या चंद्रलेखा जैन ने बच्चों के अच्छे प्रदर्शन पर हर्ष व्यक्त किया और कहा कि इस तरीके के आयोजनों से बच्चों को बहुत कुछ सीखने को मिलता है और उनका उत्साहवर्धन भी होता है।